## खबर संक्षेप

### कुएं में गिरी 5 साल की मासूम की मौत

सतना। जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इटौर में एक अत्यंत दुखद घटना सामने आई है,जहां खेलते समय एक 5 वर्षीय मासूम बच्ची की कुएं में गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार,बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी,तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह खुले कुएं में जा गिरी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में बच्ची को कुएं से बाहर निकालने के प्रयास किए गए,लेकिन जब तक उसे बाहर निकाला गया,तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। सूचना मिलते ही कोटर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची के शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

### 10 हजारी इनामी आरोपी को पुलिस ने दबोचा

सतना। सतना पुलिस को बिरला रोड स्थित एफसीआई गोदाम के सामने हुई सत्यम शुक्ला की हत्या के मामले में एक बड़ी सफलता मिली है। इस जघन्य हत्याकांड में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी आयुष द्विवेदी पुत्र अरुण कुमार द्विवेदी उम्र 22 वर्ष को कोलगवां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी। टीआई सुदीप सोनी की अगुआई में कोलगवां पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर आरोपी को धर दबोचा। बताया गया है कि आरोपी आयुष द्विवेदी का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। इस मामले में संलिप्त चार अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फरार चल रहे मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी से पुलिस ने हत्याकांड की जांच में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर मामले के अन्य पहलुओं की जांच करेगी।

### बकरियां लोड कर भागते ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

सतना। अवैध तरीके से बकरियों के परिवहन से जुड़ा एक मामला सामने आया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में बड़ी संख्या में बकरियों को भरकर ले जाया जा रहा है। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची,तो उन्होंने देखा कि ट्रक में अत्यधिक बकरियों को अमानवीय तरीके से लोड किया जा रहा था। पुलिस को देखते ही ट्रक चालक और अन्य संबंधित लोग तुरंत ट्रक से बकरियां उतारने लगे और मौके से भागने की कोशिश की।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक का पीछा किया और उसे पकड़कर थाने ले आई। पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच में पता चला कि ट्रक में लगभग 150 नग बकरियां लोड की जा रही थीं। इस मामले में एक दूसरा पक्ष भी सामने आया है,जिसके अनुसार पुलिस की कार्रवाई मजबूत और सही है। पुलिस अब पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और अवैध परिवहन से संबंधित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### टेंट की दुकान से निकला ब्लैक कोबरा



सतना। सिटी कोतवाली के नजीराबाद क्षेत्र में स्थित एक टेंट की दुकान में उस समय अफरातफरी मच गई,जब दुकान के अंदर एक विशाल ब्लैक कोबरा सांप निकल आया। इस जहरीले सांप को देखकर दुकान के कर्मचारियों और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना विशेषज्ञ वन्यजीव रेस्क्यू टीम को दी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम बिना किसी देरी के मौके पर पहुंची और सांप को पकड़ने का काम शुरू किया।

---

### मंडप में 'गर्लफ्रेंड' की एंट्री, दूल्हे पर ठोका हक! मझगवां में हाई-वोल्टेज ड्रामा, टूट गई शादी

# शादी के फेरे से पहले ही दूल्हे की खुली 'पोल'

# वधू पक्ष ने मांगा लाखों का हर्जाना







जिले के मझगवां कस्बे में शनिवार देर रात एक विवाह समारोह उस वक्त जंग का मैदान बन गया,जब दूल्हे की कथित प्रेमिका ने फिल्मी स्टाइल में मंडप में धावा बोल दिया।

सतना।

मझगवां के मार्कण्डेय पैलेस में रीवा निवासी गायत्री साहू 18वर्ष और स्थानीय रमेश साहू की शादी की रस्में चल रही थीं,लेकिन तभी रोहनियां निवासी क्रांति नामक युवती ने एंट्री कर सबको सन्न कर दिया। युवती ने सीधे मंडप में खड़े दूल्हे रमेश साहू पर अपना मालिकाना हक जताते हुए खुद को उसकी प्रेमिका बताया। उसने अपने दावों को ठोस साबित करने के लिए तस्वीरें और अन्य कथित 'सबूत' भी पेश किए,जिसके बाद समारोह स्थल पर ज़ोरदार हंगामा खड़ा हो गया।

#### दूल्हे पर लगा 'धोखाधड़ी' का गंभीर आरोप

इस अप्रत्याशित घटना से दूल्हा और दुल्हन दोनों पक्षों के परिजन हक्के-बक्के रह गए। वधू पक्ष ने तुरंत वर पक्ष पर धोखाधड़ी और रिश्ते की वास्तविक स्थिति छिपाने का गंभीर आरोप लगाया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मझगवां पुलिस को मौके पर आना पड़ा। पुलिस और स्थानीय लोगों की दखलअंदाजी के बावजूद,शादी का माहौल पूरी तरह से बर्बाद हो गया।

#### आहत वधू पक्ष ने ठुकराई शादी, थाने में की शिकायत

इस मानहानि और आर्थिक क्षति से आहत होकर वधू पक्ष ने शादी को आगे बढ़ाने से साफ इनकार कर दिया। दुल्हन और उसके परिजनों ने दूल्हे पक्ष के खिलाफ मझगवां थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए,शादी की तैयारियों में हुए लाखों के खर्च का पूरा हर्जाना मांगा है।वधू पक्ष के वापस लौट जाने के बाद पुलिस अब इस अहम मामले की जांच कर रही है। यह हाई-प्रोफाइल ड्रामा स्थानीय स्तर पर चर्चा का मुख्य विषय बना हुआ है और इस घटना ने रिश्तों में ईमानदारी के महत्व पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

---

## मैहर जिले के भदवा गांव में रास्ते को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे; दोनों पक्षों पर काउंटर केस दर्ज





मैहर।

जिले के ताला थाना क्षेत्र के भदवा गांव में रास्ते की जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों-मनसुख लाल कोल और रावेंद्र मिश्रा के परिवारों के बीच हिंसक झड़प हो गई। यह घटना करीब 8 दिन पुरानी बताई जा रही है,जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया। इस मारपीट में दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को इलाज के लिए संजय गांधी मेडिकल कॉलेज,रीवा ले जाया गया,जहां उनका मेडिकल परीक्षण और एक्स-रे कराया गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी।ताला पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों पर काउंटर मुकदमा दर्ज किया है। रावेंद्र मिश्रा पक्ष पर अपराध क्रमांक 347/25 और मनसुख लाल कोल पक्ष पर अपराध क्रमांक 348/25 (जिसमें एससी/एसटी एक्ट भी शामिल है) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों पक्षों के कुल 8 लोगों पर मामला दर्ज कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है। थाना प्रभारी व नायब तहसीलदार अनिल सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर विवादित जमीन के मामले का जल्द समाधान निकालने के निर्देश दिए हैं। मामला चौकी मुकुंदपुर के भदवा गांव का है और पुलिस ने मामले में जांच जारी होने की बात कही है।

---

## डेढ़ सौ साल पुराने श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर के सामने के मार्ग का होगा नामकरण, साध्वी निर्मला माता ने महापौर को सौंपा पत्र

सतना।



शहर के हृदय स्थल,वार्ड क्रमांक 40 में स्थित लगभग डेढ़ सौ साल पुराने प्राचीन श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर के सम्मान में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मंदिर की महंत साध्वी निर्मला माता जी ने मंदिर के ट्रस्टियों के साथ मिलकर,मंदिर के ठीक सामने के मार्ग का नाम 'श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर मार्ग' रखने हेतु शहर के महापौर योगेश ताम्रकार को एक औपचारिक पत्र सौंपा। इस मांग को वार्ड क्रमांक 40 के पार्षद अरफअली बाबा का भी पूर्ण समर्थन मिला है। पार्षद ने अपने सहमति पत्र के माध्यम से महापौर से पुरजोर अपील की है कि यह डेढ़ सौ साल पुराना मंदिर केवल वार्ड की नहीं, बल्कि पूरे शहर और जिले की शान है,अतः इस मार्ग का नामकरण कर इसके ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया जाए। महापौर योगेश ताम्रकार ने साध्वी निर्मला माता जी को यह आश्वासन दिया है कि आगामी बैठक में सर्वसम्मति से श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर मार्ग के नामकरण का अनुमोदन स्वीकृत कर दिया जाएगा। महापौर के इस सकारात्मक रुख पर साध्वी निर्मला माता और मंदिर ट्रस्ट ने उनका साधुवाद व्यक्त किया। महापौर ताम्रकार ने इस अवसर पर कहा कि उनका प्रयास है कि शहर को सुंदर बनाने के साथ ही,शहर की अमूल्य धरोहरों को सहेजने और बचाने के लिए वह हर संभव कार्य करते रहेंगे। इस महत्वपूर्ण मौके पर मंदिर के ट्रस्टी कमल मिढ़डा सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

---

## सायबर सेल की बड़ी सफलता: 16.35 लाख के 102 गुम हुए मोबाइल मालिकों को सौंपे




सतना।

पुलिस की सायबर सेल ने एक सराहनीय कार्रवाई करते हुए विगत चार माह में 16 लाख 35 हज़ार कीमत के कुल 102 गुम हुए मोबाइल ट्रेस कर उनके मालिकों को सफलतापूर्वक सुपुर्द किए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों और सीएसपी/अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में, सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक अजीत सिंह के नेतृत्व में टीम ने सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल का प्रभावी उपयोग किया। बरामद किए गए मोबाइलों में Samsung, Xiaomi, Realme, OnePlus, Oppo, Vivo, Poco, iQOO और अन्य कंपनियों के हैंडसेट शामिल हैं, जिन्हें सतना, रीवा,पन्ना, भोपाल, लखनऊ, नागपुर ,जयपुर, ग्वालियर, अजमेर, रांची और जालंधर सहित देश के विभिन्न 25 से अधिक स्थानों से ट्रेस किया गया। मोबाइल वापस मिलने पर सभी धारकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी,और उन्होंने पुलिस व सायबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक सतना ने इस उत्कृष्ट कार्य के लिए सायबर सेल टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

#### सीईआईआर पोर्टल की जानकारी

नागरिकों को सलाह दी गई है कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने पर नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद तुरंत सीईआईआर पोर्टल (www.ceir.gov.in) पर जाकर अपने मोबाइल का आई एम ईआई नंबर ब्लॉक करा दें। इससे गलत उपयोग रुक जाएगा,और सिम कार्ड बदलने पर भी पुलिस को ट्रैकिंग में मदद मिलेगी। सराहनीय भूमिका निभाने वालों में उप निरीक्षक अजीत सिंह,सहायक उप निरीक्षक दीपेश पटेल,प्रधान आरक्षक संदीप तिवारी,असलेंद्र सिंह चंदेल,विपेन्द्र मिश्रा,आरक्षक राहुल पटेल और मुकेश अवासे शामिल रहे।

---

### अमरपाटन में अतिक्रमण बना काल, ट्रैक्टर-बाइक की सीधी भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

## अतिक्रमण से सकरी हुई सड़क, आए दिन हो रहे हादसे





सतना।

अमरपाटन नगर में सड़कों पर फैले अतिक्रमण के कारण रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। अतिक्रमण के चलते सड़क सकरी होने के कारण एक ट्रैक्टर और बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही समाजसेवी एवं युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने तत्काल घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसका इलाज जारी है। यह गौरतलब है कि दो लेन सड़क होने के बावजूद, सड़क के दोनों ओर लगे ठेला दुकान और अन्य अवैध कब्ज़ों के कारण मुख्य सड़क बीच तक घिर गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इसी अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता है और सड़क हादसे आए दिन की खबर बन गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण की यह स्थिति किसी दिन बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। इस बीच,नो इंट्री के बावजूद भी भारी वाहनों का आवागमन धड़ल्ले से जारी है,जिस पर कोई लगाम नहीं लग पा रही है। इस गंभीर समस्या को रोकने या टोकने वाला कोई जिम्मेदार व्यक्ति या विभाग नज़र नहीं आ रहा है,जिससे आम जनता की सुरक्षा पर सवाल खड़ा हो गया है।

---

## सनसनीखेज चोरी: इनकम टैक्स वकील का खाली घर खंगाल डाला!

सतना।

शहर के कोलगवां थाना क्षेत्र की पॉश बांधवगढ़ कॉलोनी में शनिवार रात एक दुस्साहसिक चोरी की वारदात ने हड़कंप मचा दिया। इनकम टैक्स के वकील सुमित कुमार वाल्मीक के सूने घर को निशाना बनाकर अज्ञात शातिर बदमाशों ने लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने चुरा लिए। जानकारी के मुताबिक शाम 6 बजे से रात 9:30 बजे के बीच,जब परिवार पन्ना में एक शादी समारोह और मायके गया हुआ था,बदमाशों ने इस साहसिक घटना को अंजाम दिया। घर की सुरक्षा को चुनौती देते हुए चोरों ने मेन गेट समेत कुल पाँच ताले तोड़े। कमरे की अलमारी का लॉक भी तोड़कर सारा सामान बेरहमी से बिखेर दिया गया।

#### पड़ोसी की सूचना और पुलिस की लेट-लतीफी

रात करीब 9 बजे पड़ोसी ने घर में कुछ लोगों के घुसने की खबर दी,जिसके बाद वकील सुमित वाल्मीक ने तुरंत पुलिस और अपने भाई को मौके पर भेजा। लेकिन तब तक चोर अपने मंसूबों में कामयाब होकर फरार हो चुके थे। रात 10 बजे जब वकील घर लौटे तो टूटे तालों और बिखरे सामान को देखकर स्तब्ध रह गए।







#### चोरी गए कीमती सामान

पीड़ित के अनुसार बदमाश चार सोने की चूड़ियां,एक अंगूठी,एक हार,बेंदी और बाजूबंद करीब 2 किलो चांदी के गहने ले गए हैं।

#### पुलिस की जांच में CCTV फुटेज में तीन संदिग्ध दिखे

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। कॉलोनी के CCTV फुटेज में तीन बदमाश एक बाइक से आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस अब इसी अहम सुराग के आधार पर इन बेशर्म चोरों की तेजी से तलाश कर रही है। इस वारदात ने कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

---

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# अमझिरिया में क्लीन डेस्टीनेशन कार्यक्रम के तहत ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना कार्यशाला का आयोजन

**सरपंच एवं सचिव को स्वच्छ ग्राम पंचायत के बारे में दी जानकारी**

**13 ग्राम पंचायतों में कचरा वाहन से होगा कचरे का संग्रहण**

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों को स्वच्छ एवं आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम शुरू की गई है, जिसके तहत अब नगरीय क्षेत्र की भांति ग्रामीण क्षेत्रों में भी कचरे के संग्रहण व उचित निस्तारण के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। यह प्रयास ग्राम पंचायतों को स्वच्छ, सुंदर एवं हराभरा बनाने में मददगार साबित होगा।





पन्ना।

प्रथम चरण में पन्ना नेशनल पार्क की सीमा से लगे 13 ग्राम पंचायतों एवं इनके ग्रामों में कचरा गाड़ी से कचरे के संग्रहण व उचित निस्तारण की कार्ययोजना तैयार की गई है। इनमें पन्ना विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मड़ला, बड़ौर, बगौहा, हिनौता, मनौर, दहलान चौकी, कुड़ार, कृष्णा कल्याणपुर, सुनहरा, जनवार, जरधोबा, मनकी एवं बराछ शामिल हैं। क्लीन डेस्टीनेशन पन्ना ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना आनंदना द कोका कोला इंडिया फाउंडेशन, म.प्र. पर्यटन बोर्ड एवं साहस एनजीओ का संयुक्त प्रयास है।

रविवार को ईको पार्क अमझिरिया में एक कार्यशाला का आयोजन कर पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान प्रोजेक्ट क्लीन डेस्टीनेशन, वेस्ट मैनेजमेंट और कचरे के रीसाईकिल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बताया गया कि इस प्रयास से पर्यटन सर्किट में पर्यटकों का अनुभव भी बेहतर होगा। संग्रहित कचरे का पृथक्करण कर इसे पुनः उपयोग में लाने सहित आकर्षक व उपयोगी वस्तुओं का निर्माण भी किया जाएगा। इसमें समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके जरिए आजीविका मिशन की दीदीयों को भी रोजगार से जोड़ा जाएगा। कचरे से आय की अवधारणा पर केन्द्रित इस परियोजना के माध्यम से ग्राम पंचायतों की आय बढ़ने के साथ स्थानीय ग्रामवासियों को भी रोजगार मिलेगा।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिपं सीईओ ने कहा कि पंचायत पदाधिकारी इस मुहिम का हिस्सा बनें। यह प्लास्टिक प्रदूषण कम करने के साथ ही पारिस्थितिकीय तंत्र सुरक्षित रखने में भी मददगार है। राशि का सदुपयोग कर ग्राम पंचायतें कचरामुक्त बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ें। उन्होंने शाहनगर ग्राम पंचायत में कचरा वाहन से घर-घर कचरे के संग्रहण का उदाहरण देते हुए कहा कि स्वावलंबी ग्राम पंचायत के निर्माण के लिए संकल्प लें। प्रत्येक घर से कचरा संग्रहण के लिए राशि का निर्धारण कर संग्रहण पंजी भी संधारित की जाए। सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक ग्रामीणजनों को इसके लिए जागरूक व प्रेरित करें। सीईओ ने नैतिक व शासकीय दायित्वों के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन कर क्लीन डेस्टीनेशन के लिए सार्थक प्रयास करने की बात कही। साथ ही वॉश ऑन व्हील सेवा की जानकारी देते हुए छिंदवाड़ा के बाद पन्ना को इस सेवा से जोड़कर प्रदेश का दूसरा जिला बनाने का आह्वान भी किया। परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 13 ग्राम पंचायतों के चिन्हांकन तथा गांवों को स्वच्छ बनाने संबंधी कार्ययोजना की जानकारी दी। जपं सीईओ जयशंकर तिवारी ने ग्राम पंचायतों में स्थल का चिन्हांकन कर कचरे के संग्रहण तथा ग्राम पंचायतवार जिम्मेवारी तय करने के लिए कहा। कार्यशाला के उपरांत अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने मनकी ग्राम पंचायत के अमझिरिया में नवनिर्मित एमआरएफ केन्द्र भी देखा और इसकी सराहना की। इस केन्द्र के जरिए ग्राम पंचायतों से यहां पहुंचाए गए कचरे का पृथक्करण कर विक्रय भी किया जाएगा। विदित हो कि वर्ष 2022 में तत्कालीन राज्यपाल की उपस्थिति में इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ हुआ था। इसी परियोजना के तहत 30 गांवों में स्त्रोत पर पृथक्करण, वैज्ञानिक तरीके से सूखा कचरा प्रबंधन तथा केन्द्रीकृत प्रसंस्करण केन्द्र की स्थापना की गई है।

## सिन्हाई गांव में महिला और युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी, डबल मर्डर या आत्महत्या? पुलिस जांच में जुटी



अजयगढ़।

अजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिन्हाई में एक महिला और एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार दोनों की मौत कट्टे से फायर होने के कारण बताई जा रही है। घटना स्थल पर भारी भीड़ जुट गई है और पूरे गांव में सनसनी का माहौल है। मृतकों में महिला का नाम गीता यादव सामने आया है, वहीं गांव वालों के अनुसार छतरपुर निवासी लल्लू यादव पिता हरप्रसाद यादव छतरपुर बाईपास रोड का युवक ने अपने देषी कट्टे से वार करते हुए घटता को अंजाम दिया है। हत्या है या आत्महत्या, इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं और गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। सूत्रों के मुताबिक दोनों शव पास-पास पाए गए, जिससे दोहरे हत्याकांड या आत्महत्याकांड की आशंका जताई जा रही है। वहीं कुछ ग्रामीण इसे पुरानी रंजिश से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि कुछ लोग घटना को किसी अन्य कारण से भी जोड़कर संभावनाएँ बता रहे हैं। हालांकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही अजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है और आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है। घटना से पूरे अजयगढ़ क्षेत्र में दहशत फैल गई है और लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि- "मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों के बाद ही किया जा सकेगा। फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच जारी है।"

## आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर उग्र प्रदर्शन, पुतला दहन



पन्ना।

पन्ना में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के कथित विवादित और आपत्तिजनक बयान को लेकर ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश देखा गया। रविवार दोपहर को ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में सैकड़ों की संख्या में लोग पुरानी कचहरी चौराहे पर एकत्र हुए, जहां उन्होंने संतोष वर्मा का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी कर अपना विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने मध्य प्रदेश सरकार से तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए आईएएस संतोष वर्मा को निलंबित करने की मांग की। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश में बहन-बेटियों के सम्मान से जुड़े मामलों में अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति, विशेषकर एक जिम्मेदार अधिकारी, पर कड़ा कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो यह आंदोलन और व्यापक रूप लेगा। प्रदर्शन के दौरान, प्रमोद पाठक ने संतोष वर्मा के बयान को बेहद घटिया बताया और उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष और पन्ना विधानसभा प्रत्याशी शिव जीत सिंह परमार श्भैया राजाश ने कहा कि भारत देश में हर वर्ग की माताओं और बहनों को पूजनीय माना जाता है, ऐसे में वर्मा के वचन बेहद निंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि इस बयान से हर वर्ग आहत हुआ है और शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजीव तिवारी, श्रीमती मीना पांडे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पन्ना, वार्ड पार्षद वैभव थापक आर.डी. शुक्ला, समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी, विनोद अवस्थी दिनेश गोस्वामी सत्यम उपाध्याय राजा भैया तिवारी सौरभ छोटू पटेरिया अधिवक्ता श्रवण तिवारी विनयकांत पांडे, शहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

**माशोनी स्टार टीम ने दस ओवर में अपनी जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंची**

## कांग्रेस नेता भारत मिलन पांडे रहे मुख्य अतिथि



पन्ना।

जिले के धरमपुर थाना में चल रहे विराट कप सीजन परमहंस धूरिया महाराज क्रिकेट क्लब 2025 में दो लीग मुकाबले हुए। जिसमे पहला सेमी मुकाबला माशोनी स्टार एवं धरमपुर स्टार के बीच खेला गया जिसमे धरमपुर स्टार के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने फैसला किया बल्लेबाजी करने वरुण और बीरु धरमपुर टीम के शुरुवाती दो ओवर काफी ख़राब गये और दो बिकेट खो दिए इसके बाद टीम को सँभालने के लिये अजीत यादव उतरे और उन्होंने शानदार मुकाबला करते हुये 48 रनों की पारी खेली और वीरू मिश्रा के साथ 40 रनों की साझेदारी की इसके बाद बल्लेबाजी करने के लिये आये गोरे उन्होंने ताबड़तोड़ हिट लगाकर 20 रनों का योगदान दिया और इसके बाद धरमपुर टीम लड़खड़ा गई और गोरे का विकेट गिरते ही दो ओवर में 5बिकेट खो दिए अंत में हिमांशु ने 8 रन बनाकर 110 रन पहुँचाने में अपना योगदान दिया और धरमपुर की टीम 11 ओवर 3 गेंदों में ऑल आउट हो गई। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी माशोनी स्टार टीम की शुरआत काफी ख़राब रही और धरमपुर स्टार की तरफ से गोरा ने शरुआती दो ओवर में एक रन देकर मिलन के साथ धरमपुर टीम को शानदार शुरुआत कराई मशोनी स्टार टीम के दो बल्लेबाज पबेलियन जाने के बाद बल्लेबाजी करने के लिये आये हसन बाबा जिन्होंने 34 रनों की पारी खेली और हसीब के साथ 70 रनों की पार्टनर शिप की और हसीब ने 10 ओवर 3 गेंद में इस मुकाबले को अपने पक्ष में कर लिया इसी के साथ मशोनी स्टार टीम फाइनल में पहुँच गई। मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भरतमिलन पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल महोत्सव में मुकाबला शुरू कराया और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुये क्रिकेट टीम के संयोजक को 5100 रुपये प्रदान किये कार्क्रम में आशीष यादव, भन्नु राजा एवं शीतल शुक्ला के साथ सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## देवेंद्रनगर- सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और न्याय-चार दशक से बदलाव की प्रतीक्षा में

देवेंद्रनगर।

नगर की सड़कों का चार-पाँच दशकों में दो बार निर्माण हुआ, पर दोनों ही बार सड़कें दो साल भी नहीं टिक सकीं। आज पूरा नगर धूल और गड्ढों की मार झेल रहा है। रोज़ दुर्घटनाएँ हो रही हैं, लोग दमादृखाँसी से परेशान हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन दोनों चुप हैं। करीब 10-12 दिन पहले व्यापार मंडल ने नगर परिषद, थाना और कलेक्टर को ज्ञापन देकर चेतावनी दी थी कि "नगर के अंदर सड़कों की मरम्मत तुरंत शुरू करें, वरना आंदोलन होगा।" फिर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाजार में दिनभर जाम रहता है। टैक्सी और बसें जहाँ-तहाँ रुक जाती हैं। ठेलेदृखोमचे अव्यवस्था बढ़ा रहे हैं। सलेहा रोड और सतनादृपन्ना रोड पूरी तरह जर्जर हालत में हैं। 40 साल की शिक्षा ठहराव- साइंस कॉलेज सिर्फ़ घोषणा देवेंद्रनगर में 40 वर्षों से सिर्फ़ कला संकाय की ही पढ़ाई उपलब्ध है। बीते दो दशकों से साइंस कॉलेज और नए विषय खोलने की घोषणा बार-बार होती है, लेकिन आज तक एक कक्षा भी शुरू नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने अमानगंज में कहा कि "अगले वर्ष साइंस कॉलेज शुरू होगा", लेकिन इसका आधार और प्रक्रिया दोनों अस्पष्ट हैं। जनता पुराने अनुभवों के कारण इस घोषणा पर भरोसा नहीं कर पा रही है।

### स्वास्थ्य- सामुदायिक केंद्र से आगे नहीं बढ़ा देवेंद्रनगर

आज तक नगर को एक भी स्थायी महिला चिकित्सक नहीं मिली। दुर्घटनाएँ बढ़ रही हैं, मरीजों को गंभीर स्थिति में पन्ना और वहाँ से आगे सतना, सागर, जबलपुर, भोपाल या नागपुर तक जाना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल अस्पताल बनाने की मांग वर्षों से लंबित है।

### देवेंद्रनगर बाईपास 40 साल पुरानी मांग, पर नेतृत्व मौन

देवेंद्रनगर के लिए बाईपास की मांग लगभग 40 वर्षों से उठ रही है। भारी वाहनों का लगातार दबाव सड़कें तोड़ता है, दुर्घटनाएँ बढ़ाता है और नगर-भीतर ट्रैफिक जाम का मुख्य कारण भी यही है। लेकिन दुखद यह है कि आज तक कोई भी नेता इस मुद्दे पर खुलकर बोलने को तैयार नहीं हुआ। जनता दर्द समझती है, पर नेतृत्व को न तो दर्द दिखता है, न दिखाना चाहता है।

### न्याय- एसडीएम कोर्ट और ब्लॉक कार्यालय की मांग भी अटकी

देवेंद्रनगर में हाई-लेवल एसडीएम कोर्ट और ब्लॉक कार्यालय की मांग वर्षों से लंबित है।

शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय जैसे मूल स्तंभ मज़बूत हुए बिना किसी भी नगर का विकास संभव नहीं। राजनीतिक चुप्पी और जनता के सवालों से दूर जनप्रतिनिधि स्थानीय जनप्रतिनिधि जनता के सवाल उठाने से डरते दिखते हैं। कई बार स्थानीय खजुराहो सांसद वी डी शर्मा जी से संपर्क करने की कोशिश की गईकृफोन, संदेश, माध्यमकृलेकिन उन्होंने कभी फोन नहीं उठाया। न ही वाट्सअप पर उनका कोई उत्तर आया सभा में बड़े भाषण मिलते हैं, पर देवेंद्रनगर की समस्याओं पर सार्वजनिक जवाबकृकभी नहीं मिलता। जनता अब केवल एक स्पष्ट बात सुनना चाहती है- "सड़कें, साइंस कॉलेज, सिविल अस्पताल, बाईपास और एसडीएम कोर्ट इनका समाधान कब और कैसे होगा?" चार दशक बीत चुके हैं अब वादे नहीं, जवाब चाहिए। इन पांच सवालों का जवाब माननीय सांसद को देना ही होगा।

## भारत मंडपम में राष्ट्रगौरव का उदय - समाजसेवी अमित सिंगल रावलवासिया को 'हिंदू रत्न' सम्मान



पन्ना।

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच, नई दिल्ली के तत्वावधान में 23 नवंबर 2025, रविवार को भारत मंडपम ऑडिटोरियम में आयोजित 12वां राष्ट्रीय अधिवेशन एवं हिंदू रत्न अवार्ड सम्मान समारोह अद्वितीय गरिमा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

इस गरिमा पूर्ण समारोह मैं श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट पन्ना के ट्रस्टी एवं समाजसेवी भिवानी (हरियाणा) के अमित सिंगल रावलवासिया को लोककल्याणकारी एवं सामाजिक योगदान के सम्मानस्वरूप ष्हिंदू रत्न राष्ट्रीय सम्मानष से नवाजा गया। मालूम हो कि श्री रावलवासिया भारत विकास परिषद, हिंदू वाहिनी दल, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारत विकास परिषद, लायंस क्लब, जेसीआई क्लब के सदस्य के साथ-साथ परमहंस संत शिरोमणि डॉ. सदानंद जी महाराज के परम शिष्य हैं और उनके द्वारा किए जा रहे देश हित और समाज सेवा के कार्यों जिनमें प्रमुख गौ सेवा, अपना घर आदि जनकल्याणी कार्यों में भी समर्पित भाव से सहयोग में रहते हैं। सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति श्री रावलवासिया द्वारा अपनी शिक्षा ठ ब्वउ, क्वनइसम डठ।, डंतामजपदह ।दक थ्पदंदबम, ब प्दजमत, स्स्ठ पूरी कर लोगों को इसका लाभ देते हैं। समाजसेवी अमित को ष्हिंदू रत्न राष्ट्रीय सम्मानष से सम्मानित किए जाने पर पूरे प्रणामी समाज में खुशी की लहर है। देशभर से अनेक प्रदेशों के विशिष्ट अतिथियों, धर्माचार्यों, समाजसेवियों एवं संस्थानों की उपस्थिति में आयोजित इस सम्मान समारोह में उनको सम्मान-पत्र, प्रतीक चिन्ह और शॉल भेंटकर अलंकृत किया गया।कार्यक्रम का मुख्य अधिवेशन ष्नकपजवतपनउ-1 में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न धर्म-संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों का मुकुंदपुर जू भ्रमण सम्पन्न



अमानगंज। मुकुंदपुर में रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आज मुकुंदपुर जू में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने टाइगर सहित विभिन्न वन्य प्राणियों को नज़दीक से देखा और उनके संरक्षण के महत्व को समझा। भ्रमण के दौरान जू कर्मियों एवं शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि वन्य जीव पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण आधार हैं तथा इनके संरक्षण से प्रकृति का संतुलन बनाए रखा जा सकता है। टाइगर की प्रजाति, उसके व्यवहार और जंगल में उसकी भूमिका को बच्चों ने विशेष रुचि के साथ जाना। इसी के साथ छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और पेड़-पौधे लगाने की आवश्यकता पर भी जागरूक किया गया। शिक्षकों ने समझाया कि बढ़ते प्रदूषण और घटते जंगलों के कारण प्रकृति असंतुलित हो रही है, ऐसे में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण छात्रों में ज्ञानवर्धन के साथ ही प्रकृति एवं वन्य जीवों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करते हैं। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भ्रमण को बेहद रोचक एवं ज्ञानवर्धक बताया।

### उचित मूल्य दुकान गहदरा निलंबित

पन्ना। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना संजय कुमार नागवंशी द्वारा खाद्यान्न वितरण में लापरवाही एवं अनियमितताओं पर तत्काल प्रभाव से उचित मूल्य दुकान गहदरा को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण द्वारी क्रमांक 2 उचित मूल्य दुकान से किया जाएगा। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पन्ना एवं पवई द्वारा संयुक्त रूप से गत माह प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जरधोबा द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान गहदरा की जांच की गई थी। इस दौरान पाया गया कि विक्रेता ब्रजेश कुमार तिवारी द्वारा खाद्यान्न की कालाबाजारी सहित अन्य विभिन्न प्रकार की अनियमिताएं बरतीं गईं। निर्धारित दिवस एवं समय पर दुकान खोलकर हितग्राहियों को राशन का वितरण नहीं किया गया। 239 परिवारों को वर्तमान नवम्बर माह का खाद्यान्न भी वितरित नहीं किया गया है। विक्रेता का मोबाइल भी गत एक सप्ताह से बंद है। इस संबंध में जारी नोटिस का समिति प्रबंधक पृथ्वी सिंह बुंदेला और विक्रेता ने समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं किया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश की धाराओं के उल्लंघन तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा के तहत उक्त कृत्य दण्डनीय होने से दुकान के निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### दिनेश विश्वकर्मा का निधन



पवई। नगर के करही मोड में संचालित श्री राम मेडिकल के संचालक और नन्ही पवई निवासी बृजेश विश्वकर्मा के पिता छोटा बेटा निलेश कुमार विश्वकर्मा (जीएसटी) और भतीजा आशीष कुमार विश्वकर्मा (शिक्षक) दिनेश लाल विश्वकर्मा का 65 वर्ष का रविवार सुबह 5.30 बजे दुखद निधन हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे, जिसकी वजह से रीवा अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन से परिवार,सभी संबंधियों सहित नगर में शोक का माहौल व्याप्त है। वे अपने पीछे एक भरा पूरा समृद्ध एवं खुशहाल परिवार छोड़कर गए हैं।

### महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा का अनावरण 6 को

पन्ना। पन्ना नगर के धरमसागर तालाब परिसर में बुन्देल केशरी महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आगामी 6 दिसम्बर को शाम 4 बजे निर्धारित किया गया है। नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद विष्णु दत्त शर्मा, स्थानीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर मुंबई की प्लेबैक सिंगर इशिता विश्वकर्मा द्वारा विशेष प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### झरिएन मोहल्ला में चल रही भागवत कथा में

अमानगंज। झरिएन मोहल्ला क्षेत्र में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार की रात कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

## खबर संक्षेप



### गुंडा, निगरानी बदमाशों, जेल रिहाई एवं हिस्ट्रीशीटरों को थाने बुलाकर दिए निर्देश

**छतरपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से छतरपुर पुलिस द्वारा समस्त थाना-चौकी क्षेत्रों में गुंडा, निगरानी बदमाशों, जेल रिहाई एवं हिस्ट्रीशीटरों की नियमित निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में चिन्हित गुंडा बदमाशों, हिस्ट्रीशीटरों, जेल रिहाई एवं निगरानी में रखे गए व्यक्तियों को थानों में उपस्थित कर आवश्यक समझाइश दी गई। कुछ लिस्टेड बदमाश वर्तमान में जेल में निरुद्ध या जिले से बाहर हैं, जिनकी जानकारी भी एकत्रित की गई। क्षेत्र के गुंडा निगरानी हिस्ट्रीशीटर बदमाशों से संबंधित जानकारी संबंधित क्षेत्र की बीट एवं माइक्रोबीट पुस्तिका में अंकित की गई। नए चिन्हित बदमाशों से संबंधित जानकारी बीट पुस्तिका एवं गुंडा रजिस्टर में प्रविष्टि की गई।

थानों में बुलाए गए चिन्हित व्यक्तियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि वे कानून का पालन करें, क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अशांति, उपद्रव या दहशत का माहौल निर्मित न करें। उनके द्वारा ऐसे करने से उनके परिवार जनों पर भी असर पड़ेगा। अपराधों से दूर रहें, शांति व्यवस्था भंग करने या आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित चिन्हित व्यक्तियों ने शांतिपूर्ण जीवन जीने एवं अपराध से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई गई।

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**छतरपुर।** छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत सभाकक्ष जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में जिला पंचायत सीईओ द्वारा सभी सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स, डॉक्टर को दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य गायो एवं भैंसों के दुग्ध उत्पादन को मध्य प्रदेश में मुख्य मंत्री की मंशानुसार 9 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक करना है। सीईओ द्वारा इस अभियान को बहुत अच्छे तरीके से संपन्न करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बैठक में उप संचालक डॉ. अशोक जैसवानी द्वारा बताया गया कि यह दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण है जिसमें जिन पशुपालकों के पास पांच से नौ पशु होंगे उनका सर्वे कर उनके पशुओं को पशु स्वास्थ्य, पशु पोषण एवं उन्नत नस्ल के लिए कृत्रिम गर्भाधान करवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसमें सभी पशुओं की एंट्री पशुधन एप में एंट्री किया जाना है।

## नवजात बच्ची का शव मिलने का मामला गहराया

# बजरंग दल ने जताई गहरी आपत्ति, 48 घंटे में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**बड़ामलहरा।** नगर के समीप नाले में 12 नवंबर को नवजात बच्ची का शव मिलने की घटना ने अब गंभीर मोड़ ले लिया है। प्रारंभ में सामान्य समझी जा रही यह घटना अब सिविल अस्पताल बड़ामलहरा की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, मामले के तार सीधे अस्पताल से जुड़ते दिख रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में आ गई है। बीते रोज विहिप एवं बजरंग दल ने ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि मामले में जल्द कार्रवाही नहीं की गई तो जिला स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।



घटनास्थल पर मिले नवजात के शरीर पर लगे कोड क्लैम्प को पुलिस ने अहम सुराग माना है। यह उपकरण आमतौर पर अस्पतालों में प्रसव के बाद नवजातों के लिए उपयोग किया जाता है, जिससे इस संभावना को बल मिला है कि बच्ची का जन्म सिविल अस्पताल बड़ामलहरा में हुआ हो सकता है।

पुलिस ने मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में अस्पताल के प्रसूति कक्ष से जुड़े अभिलेख, डिलीवरी रजिस्टर, ओपीडी और भर्ती का रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच पर फोकस किया जा रहा है। इस दौरान अस्पताल में पुलिस की लगातार मौजूदगी से स्टाफ में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। कई कर्मचारियों से अनौपचारिक पूछताछ की जा चुकी है। सूत्रों का दावा है कि एक डॉक्टर, एक नर्स, एक आशा कार्यकर्ता और एक सफाई कर्मचारी जांच के दायरे में हैं। हालांकि, अस्पताल प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने बीते रोज एक ज्ञापन ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, कमिश्नर और सीएमएचओ छतरपुर को भेजा गया। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि 24 से 48 घंटे के भीतर कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन करेंगे। सामाजिक संगठनों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यह केवल एक मासूम की मौत नहीं, बल्कि प्रणालीगत लापरवाही और संवेदनहीनता का परिणाम है।

# एसडीओ की बोलेरो ने लोडिंग गाड़ी में मारी टक्कर, विवाद के बाद मारपीट की कोशिश

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बजरंग नगर में वेयरहाउस के सामने शनिवार देर रात एक बोलेरो लोडिंग वाहन और एसडीओ केन-बेतवा लिंक परियोजना से जुड़ी बोलेरो गाड़ी की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एमपीईव्ही के कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार आलोक जैन और संजय राय की बोलेरो गाड़ी एसडीओ केन-बेतवा लिंक के यहां किराए पर लगी हुई है। वाहन चालक संजय राय ने बताया कि वे एसडीओ को भोपाल से उनके घर छोड़कर वापस लौट रहे थे, तभी वेयरहाउस के सामने सड़क के किनारे खड़ी एमपीईव्ही की गाड़ी से बोलेरो की टक्कर हो गई। वहीं एमपीईव्ही की गाड़ी में मौजूद कर्मचारी रोहित शिवहरे ने बताया कि वाहन बिल्कुल साइड में खड़ा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार बोलेरो ने गाड़ी में टक्कर मार दी। इस हादसे में एमपीईव्ही कर्मचारी अरविंद सेन के हाथ में गंभीर चोट आई है।

हादसे के बाद विवाद बढ़ गया। बताया जा रहा है कि एसडीओ की गाड़ी में बैठे लोग बजरंग नगर में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। टक्कर के बाद शादी में शामिल कुछ रिश्तेदार मौके पर पहुंचे और एमपीईव्ही कर्मचारियों से मारपीट की कोशिश की। स्थिति बिगड़ते देख रोहित शिवहरे ने बताया कि एसडीओ की गाड़ी का ड्राइवर वाहन भगाने की कोशिश कर रहा था, तभी वे दौड़कर गाड़ी की चाबी निकालकर ले आए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को सामान्य किया। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।



## संपत्ति विवाद में चाचा ने भतीजे पर किया जानलेवा हमला

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पन्ना नाका में संपत्ति के विवाद के चलते चाचा ने अपने ही भतीजे पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल पन्ना नाका निवासी शुभम जैन (30) को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




घायल शुभम जैन ने बताया कि उनके चाचा अभय कुमार जैन घर में घुस आए और लोहे की रॉड से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। शुभम के मुताबिक यह हमला संपत्ति संबंधी विवाद को लेकर किया गया है। मारपीट की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामले की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रेत से भरे ट्रैक्टर ने 8 साल के मासूम को कुचला

## बुजुर्ग महिला घायल, गुस्साए ग्रामीणों ने लगाया जाम

**छतरपुर।** जिले के गढ़ीमलहरा में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के सामने अवैध रेत से भरा एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया। ट्रैक्टर का टायर फटते ही वह सड़क किनारे खड़े लोगों पर जा गिरा। इस भयावह हादसे में 8 साल का मासूम कार्तिक चौरसिया और उसकी दादी रामकुमारी चौरसिया गंभीर रूप से घायल हो गए।



खजुराहो वीआईपी ड्यूटी से लौट रहीं गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी रीता सिंह जानकारी मिलते ही तुरंत हरकत में आईं और उन्होंने बिना एक पल गंवाए अपनी गाड़ी से दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुँचाया। हालांकि यहां डॉक्टरों ने कार्तिक को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रामकुमारी की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया।

वहीं घटना स्थल पर हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने घंटों तक सड़क जाम रखी, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। इतना ही नहीं कुछ लोगों ने पुलिस के साथ-साथ कुछ राहगीरों तक से बदसलूकी कर डाली। हालात ऐसे बन गए कि आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर स्थिति को नियंत्रण में लेना पड़ा। पुलिस ने ट्रैक्टर मालिक और चालक के खिलाफ लापरवाही से मौत और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया है।

वहीं रविवार की सुबह मासूम कार्तिक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम ने बताया कि टायर फटने से यह दर्दनाक हादसा हुआ, मामले की जांच की जा रही है, पीड़ित

# पीएम आवास में किश्त डालने के एवज में पैसे की मांग करने वाले पर हुई कार्यवाही

**जिपं सीईओ ने विकासखंड समन्वयक बिन्देश पाण्डेय एवं जीआरएस सुनील यादव की वेतन 50 प्रतिशत संबंद्ध की**

**तीन सदस्यीय जांच दल गठित, जांच उपरांत संविदा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी**

**छतरपुर।** छतरपुर जिले की जनपद पंचायत बक्सवाहा की ग्राम पंचायत कैरवारा के हितग्राही दानसिंह पुरूषोत्तम लोधी द्वारा 28 नवंबर 2025 को शिकायत प्रस्तुत कर आरोप लगाया है कि उसके नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ है। जिसकी प्रथम किश्त राशि प्राप्ति के बाद कार्य कराये जाने के उपरांत दूसरी किश्त प्राप्त नहीं हुई। इस संबंध में दूसरी किश्त हेतु मेरे द्वारा सुनील यादव ग्राम रोजगार सहायक से निवेदन किया गया उनके द्वारा मुझसे 3000 रूपये की मांग की गई। इसमें मेरे द्वारा 1000 रूपये दिये गये किन्तु मेरी किश्त नहीं डाली गई। इसके बाद मेरे द्वारा सीएम हेल्प लाईन में 181 पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस संबंध में बिन्देश पाण्डेय ब्लाक समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना जनपद पंचायत बक्स्वाहा द्वारा कार्यालय जनपद पंचायत में शिकायतकर्ता को समक्ष में बुलाया गया व 10000 रूपये की मांग की गई एवं पाण्डेय द्वारा फोन लगाया गया कि शिकायत कटवा दो आपकी किश्त डलवा देगे तुम्हारी व्यवस्था हुई की नही तथा दूसरे दिन फिर फोन लगाया की व्यवस्था हो गई हो तो आ जाओ इसके पश्चात हितग्राही ने बोला की 5000 हजार रुपए की व्यवस्था हो गई है। तब श्री पाण्डेय द्वारा बोला गया की कुछ अभी दे दो कुछ बाद में दे देना हितग्राही द्वारा राशि न दिये जाने से किश्त नही डाली गई है।

जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया ने मामले में गंभीरता से संज्ञान लेते हुए हितग्राही की शिकायत एवं मीडिया में वायरल ऑडियो की पुष्टि हेतु शिकायतकर्ता दान सिंह लोधी, सुनील यादव ग्राम रोजगार सहायक, एवं विन्देश पाण्डेय विकासखण्ड समन्वयक जनपद पंचायत बक्स्वाहा को समक्ष में सुनवाई हेतु जिला पंचायत कार्यालय में बुलाया गया। हितग्राही से कथन लिये गये एवं संबंधितों को सुना गया। तत्पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छतरपुर द्वारा प्रारंभिक तौर पर शिकायतकर्ता की शिकायत की पुष्टि होने के उपरान्त शासन निर्देशानुसार विन्देश पाण्डेय विकासखण्ड समन्वयक जनपद पंचायत बक्स्वाहा एवं सुनील यादव ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत कैरवारा जनपद पंचायत बकस्वाहा को क्रमशः कार्यालय जिला पंचायत छतरपुर एवं जनपद पंचायत बकस्वाहा में 50 प्रतिशत मानदेय पर संबंद्ध करते हुये विस्तृत जांच हेतु जांचदल गठित करते हुये, जांच दल को निर्देशित किया गया है कि 15 दिवस में जांच पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। जांच उपरान्त संविदा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी।

**सिर में लगी गंभीर चोट, उपचार जारी**

# डिवाइडर से टकराया युवक, कार चालकों ने पहुँचाया जिला अस्पताल

**छतरपुर। शनिवार देर रात नौगांव रोड पर हीरो एजेंसी के समीप एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं। हादसा रात लगभग 9 बजे का बताया जा रहा है। घायल युवक की पहचान कैलाश चतुर्वेदी निवासी होटल रिजेंसी के पीछे, छतरपुर के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कैलाश के सिर में गहरी चोट लग गई और वह सड़क पर लहूलुहान अवस्था में गिर पड़ा।**

हादसे के कुछ देर बाद उसी रास्ते से गुजर रहे दो युवक—दीपक गोस्वामी और अश्वनी नायक—ने घायल को देखा। दोनों ने तत्काल मानवता का परिचय देते हुए अपनी कार रोकी और बिना समय गंवाए गंभीर रूप से घायल कैलाश को जिला अस्पताल पहुँचाया। उसके सिर से अत्यधिक खून बह रहा था, जिस कारण मौके पर मौजूद लोगों में भी चिंता बढ़ गई।

अस्पताल पहुँचने पर चिकित्सकों ने युवक को तुरंत उपचार के लिए भर्ती किया। डॉक्टरों के अनुसार सिर की चोट गहरी होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद भी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुँच गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि नौगांव रोड पर कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटों की कमी और तेज गति से चलने वाले वाहनों के कारण दुर्घटनाएँ बढ़ रही हैं। पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है। डॉक्टरों ने घायल की स्थिति स्थिर होने तक उसे निगरानी में रखने की बात कही है।



# विश्व विजय के संकल्प को पूरा करने क्रांति गौड़ 32 किमी पदयात्रा कर पहुंचीं अबार माता मंदिर

**घुवारा।** विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना चुकीं क्रिकेटर क्रांति गौड़ ने आज अपने गृह ग्राम घुवारा से एक भव्य धार्मिक 32 किमी की पदयात्रा करते हुए बुंदेलखंड के प्रसिद्ध अबार माता मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।

क्रांति गौड़ ने बताया कि विश्व कप अभियान पर रवाना होने से पहले उन्होंने माता रानी से भारतीय टीम की विजय की कामना की थी और मनोकामना पूर्ण होने पर पदयात्रा करने का संकल्प लिया था। उनके अनुसार देवी मां के आशीर्वाद से भारतीय टीम विश्वविजेता बनी और आज मैंने अपना संकल्प पूरा किया है।



पदयात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने क्रांति गौड़ का फूल-मालाओं से स्वागत किया। धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुई यह पदयात्रा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही।

# कार्यपालन यंत्री ने शहर के विभिन्न विकास कार्यों किया निरीक्षण

**छतरपुर।**

**नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग के कार्यपालन यंत्री मेघ तिवारी ने गुरुवार को छतरपुर शहर में प्रगतिशील विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। शहर में जारी इंफ्रास्ट्रक्चर और जलापूर्ति से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थलों पर पहुँचकर उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और आगामी आवश्यकताओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश दिए।**



निरीक्षण के दौरान उनका मुख्य फोकस विंध्यवासिनी तलैया क्षेत्र और बिजावर नाका स्थित सीडब्ल्यूआर (क्लियर वाटर रिज़र्वायर) पंप हाउस रहा। उन्होंने पंप हाउस में पानी की आपूर्ति प्रणाली के प्रत्येक चरण पानी के संग्रह, शोधन, वितरण लाइन की क्षमता, पंप की कार्यदक्षता तथा अन्य सुरक्षा मानकों की विस्तृत जांच की। उन्होंने पंपों की चालू स्थिति, वैकल्पिक पंप उपलब्धता, बैकअप पॉवर सिस्टम, वाल्व संचालन और लीक-प्रूफिंग की जानकारी ली।

कार्यपालिका यंत्री श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में बढ़ती आबादी और आने वाले महीनों में गर्मी के मौसम को देखते हुए जल वितरण तंत्र को और सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति व्यवस्था में किसी प्रकार की रुकावट न आए, इसके लिए नियमित मेंटेनेंस और मशीनरी की समय-समय पर सर्विसिंग अनिवार्य है। साथ ही रेज़र्वायर की क्षमता बढ़ाने एवं पाइपलाइन नेटवर्क के सुधार संबंधी सुझाव भी अधिकारियों से मांगे। और कहा कि सभी विकास कार्य निर्धारित समयसीमा में मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएँ। उन्होंने निर्माण कार्यों से जुड़े कर्मचारियों से स्थल पर मौजूद समस्याओं और सुधार के बिंदुओं की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री देवेंद्र धाकड़, उपयंत्री गोकुल प्रजापति, नीतेश चौरसिया सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# दो साल पहले तत्कालीन कलेक्टर ने दिए थे आदेश पिनकॉन ग्रुप के 31 डायरेक्टर्स पर हुई एफआईआर

**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाने में रविवार को चिटफंड कंपनी पिनकॉन ग्रुप (कोलकाता) के प्रमुख मनोरंजन राय समेत 31 डायरेक्टर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। केस धारा 420, 406, 409, 120-बी और मध्यप्रदेश निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2000 की धारा 6(1) के तहत दर्ज किया गया।

इस मामले का बैतूल से भी संबंध है। पिनकॉन ग्रुप ने बैतूल जिले के डेहरगांव में स्थित 5.35 एकड़ भूमि को फर्जी तरीके से अपने कब्जे में ले लिया था। जानकारी के अनुसार कंपनी के डायरेक्टर्स के जेल में रहने के दौरान सिद्धार्थ राय और अमल शाह के जरिए बैक डेट में फर्जी दस्तावेज तैयार कर 11 मार्च 2019 को एस स्क्वायर इंफ्रा जॉन लिमिटेड कानपुर के डायरेक्टर सौरभ सिंह भदौरिया के नाम रजिस्ट्री कराई गई थी। इस जमीन पर अब न्यायालय ने रोक लगा दी है।

एडवोकेट रमेश के. साहू (इटारसी) ने बताया कि पिनकॉन ग्रुप ने अस्क फाइनेंशियल सर्विस, एलआरएन फाइनेंस, एलआरएन यूनिवर्स प्रोड्यूसर, ग्रीन एज और उत्कल मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी जैसी पांच कंपनियों के माध्यम से छतरपुर जिले के 669 निवेशकों से 4.83 करोड़ रुपए की ठगी की।

यह राशि एफडी, आरडी और एमआईएस के रूप में जमा कराई गई थी। निवेशकों को अधिक ब्याज और अन्य उत्पादों का लालच दिया गया था, लेकिन अप्रैल 2018 में कंपनी छत्रसाल चौराहा स्थित अपना कार्यालय बंद कर फरार हो गई।

### दो साल पहले कार्रवाई के आदेश जारी हुए थे

छतरपुर कलेक्टर ने दो वर्ष पहले 5 दिसंबर 2023 को इस मामले में आदेश जारी किए थे। इन आदेशों में निवेशकों की 5.91 करोड़ रुपए की राशि ब्याज सहित वसूलने, बैतूल स्थित संपत्ति कुर्क करने, कंपनी के 9 बैंक खाते फ्रीज करने और एफआईआर दर्ज करने के निर्देश शामिल थे। इन्हीं निर्देशों के पालन में दीनदयाल कुशवाहा सहित अन्य निवेशकों की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। सूत्रों के मुताबिक, सागर और नर्मदापुरम जिलों में भी इसी मामले में केस दर्ज होने की तैयारी है। यह चिटफंड घोटाला अब बैतूल, छतरपुर, सागर और नर्मदापुरम सहित चार जिलों तक फैल गया है।

### इनका कहना-

दो वर्ष पूर्व तत्कालीन कलेक्टर के द्वारा जारी किए गए आदेशों के पालन में एफआईआर दर्ज की गई है। चूंकि मेरे संज्ञान में मामला अभी आया है। अभी इस मामले में और भी एफआईआर की जाएगी।

## थाना नौगांव पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत जंगल-पहाड़ स्थित डेरों पर की गई सघन चेकिंग

**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण हेतु सघन चेकिंग अभियान निरंतर रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज थाना नौगांव पुलिस द्वारा क्षेत्र के जंगल-पहाड़ क्षेत्र में बसे डेरों पर सघन चेकिंग की गई।



चेकिंग के दौरान वहां निवासरत व्यक्तियों के आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया तथा उनके मूल निवास स्थान संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से जीवनयापन करने एवं किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त न होने की समझाइश दी गई।

इसी दौरान पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणजनों से भी मुलाकात कर नशे के दुष्प्रभावों एवं इसके समाज पर पडऩे वाले नकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया। ग्रामीणों से क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। इस दौरान चौकी प्रभारी लुगासी उपनिरीक्षक ओशो गुप्ता, उप निरीक्षक मोहिनी शर्मा एवं पुलिस टीम उपस्थित रही।

## दूल्हा बाबा मंदिर परिसर में सफाई अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**छतरपुर।** समाजसेवी डी.डी. तिवारी के नेतृत्व में दूल्हा बाबा मंदिर परिसर में सफाई अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व प्राचार्य डॉ. एल.एन. रावत ने अमरूद का पौधा लगाया। वहीं अध्यक्षता कर रहे पंडित आदित्य ने कटहल का पौधा रोपा। विशिष्ट अतिथि प्रबल भट्ट द्वारा पारिजात का औषधीय पौधा लगाया गया।



कार्यक्रम के दौरान पूर्व एसडीएम के एल. अहिरवार, देवेंद्र गोस्वामी, विप्र कृष्णा कुशवाहा ने पूर्व में लगाए गए पौधों में पानी डालकर उनका संरक्षण किया। इस अवसर पर अपने 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में डॉ. एल.एन. रावत ने पौधे मंगवाए और पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। जन्मदिन के अवसर पर मोहम्मद उवेश ने पौधारोपण के समय उपस्थित सभी लोगों को मिठाई खिलाई और पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेने की घोषणा की। कार्यक्रम में युवाओं और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# हल्के बादल छाए, सर्द हवा चलने से बढ़ी गलन, सुबह और रात को कोहरे का प्रभाव भी बढ़ा, न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री पर

रीवा

**प्रदेश के पांच सबसे ठंडे जिलों में रीवा भी है। शनिवार को रात का तापमान जिले में अन्य जिलों की अपेक्षा कम रहा। शनिवार को जिले का न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस पर ठिठका रहा। जिले में शनिवार को दिनभर हल्के बादलों की आवाजाही भी होती रही। इस कारण दोपहर के समय धूप का असर न के बराबर रहा।**





सर्द हवाओं के चलने दिन के समय हल्की गलन महसूस की गई। शाम ढलने के बाद हल्का कोहरा छाने लगा और ठंड का असर बढ़ गया। मौसम विभाग ने जिले में अभी शीतलहर चलने की सम्भावना जताई हैं। जिले में अभी इस पूरे हफ्ते जिले का मौसम शुष्क रहेगा। शुष्क मौसम के राहते जिले में शीतलहर का प्रभाव भी बढ़ेगा। इस कारण जिले में गलन भरी ठंड में इजाफा होने के आसार है। मौसम विभाग की माने अगले सप्ताह तक जिलेवासियों को हाड़ कंपाने बाली ठंड का सामना करना पड़ सकता है।बता दे गलन भरी ठंड के कारण लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। शहर के सार्वजनिक स्थलों में लोग अलाव जला रहे हैं। नगर निगम द्वारा शहर के 8 सर्वजनिक स्थलों में अलाव की व्यवस्था की गई है। वहीं, गांवों में भी अलाव जलने लगे हैं। ग्रामीणजन पशुओं को ठंड से बचाने के लिए अग्निताप दे रहे हैं ताकि दुधारू पशु बीमार न हो। कुजुर्ग और बच्चे भी रात के समय अलाव जलाकार ठंड से बचने का प्रयास करने लगे हैं।तापमान में आंशिक बदलाव हुआहल्के बादल होने से जिले के तापमान में शनिवार को आशिक बदलाव हुआ। शनिवार को दिन का तापमान बीते दिन से 0.6 डिग्री सेल्सियस अधिक 25.0 डिसे वर्ज किया गया। इसी तरह, न्यूनतम तापमान गत दिवस की अपेक्षा 10 डिसे की बढ़त के साथ 7.8 डिसे पर कायम हुआ। शीतलहर के चलने की वजह से जिले के तापमान में अब गिरावट आने की संभावना जताई जा रही है

# गीता जयंती पर आज एनसीसी ग्राउंड में होगा सामूहिक गीता पाठ

**रीवा** । गीता जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन रीवा, नगर निगम रीवा एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानाम् के सहयोग से एक दिसम्बर को एन.सी.सी. ग्राउंड रीवा में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 15 का सस्वर पाठ किया जाएगा। इस सामूहिक पाठ में लगभग 5100 गीता प्रेमी एक साथ मंत्रोच्चार के साथ शामिल होंगे, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगा। इसके साथ ही एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमे विशेष थीम माधव दर्शन एवं गो और गोपाल में लघु चित्र शैलियों में भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न रूप एवं भारतीय चित्रकला शैलियों में श्रीकृष्ण की विविध छवियां प्रदर्शित की जाएँगी। प्रशासन ने बताया कि यह महोत्सव अध्यात्म, संस्कृति और ज्ञान के संगम का अनूठा अवसर होगा। कार्यक्रम में सभी नागरिकों से सहभागिता की अपील की गई है। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया है कि संभाग स्तर पर 5100 व्यक्ति सामूहिक रूप से गीता पाठ करेंगे। जिला स्तर पर 1100 तथा विकासखण्ड स्तर पर 500 व्यक्तियों द्वारा सामूहिक रूप से गीता अध्याय का पाठ किया जाएगा। अपर कलेक्टर ने कहा है कि सभी एसडीएम तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गीता जयंती समारोह के लिए आवश्यक प्रबंध करें। अपने क्षेत्र के प्रमुख श्रीकृष्ण मंदिर की साफ-सफाई कराकर सामूहिक गीता पाठ का आयोजन कराएं।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने बीएलओ एवं टीम को किया सम्मानित

**बड़वारा।** एसआइआर सर्वे कार्य मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा मतदान केंद्र क्रमांक 46 पथवारी का भ्रमण किया गया जिस दौरान बीएलओ श्रीमती देव वती मरावी, विनोद सिंह सुपरवाइजर, सहायक बीएलओ मिथिलेश पुरी गोस्वामी एवं उनकी पूरी टीम को 100% समय से पहले डिजिटाइज्ड करने पर कलेक्टर द्वारा पूरी टीम को गुलदस्ते देकर सम्मानित किया गया जिससे पूरी टीम में हर्ष व्याप्त है। सभी ने जिला के मुखिया के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### ठंड से राहत दिलाने के लिए अलाव की व्यवस्था

**कटनी।** शहर में बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने अलाव व्यवस्था को सक्रिय कर दिया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम की फील्ड टीमों ने मुख्य बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर अलाव जलाने की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की है। निगम प्रशासन ने बताया कि ठिठुरती रातों में रिक्शा-चालक, मजदूर, फुटपाथ विक्रेताओं और जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना प्राथमिकता है। इसके लिए निर्धारित स्थलों पर समय-समय पर जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति की जा रही है तथा स्वच्छता शाखा के कर्मचारियों को निगरानी के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही, रैन-बसेरा वाहन सेवा भी सक्रिय है, जो रात में असहाय और बेघर लोगों को निकटस्थ रैन-बसेरा तक पहुँचाने का कार्य लगातार कर रही है। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि खुले में ठंड से जूझ रहे लोगों को रैन-बसेरा या अलाव स्थलों तक पहुँचाने में सहयोग करें। निगम अधिकारियों का कहना है कि तापमान में और गिरावट आने की स्थिति में अलाव स्थलों की संख्या आवश्यकता अनुरूप बढ़ा दी जाएगी तथा अतिरिक्त व्यवस्थाएँ भी की जाएंगी।

### बीमा कंपनियों और अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी द्वारा आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला न्यायालय कटनी के कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुज कुमार मित्तल, विशेष न्यायाधीश और राजेश कुमार श्रीवास्तव, जिला न्यायाधीश द्वारा मैग्मा, इफको टोकियो एवं आईसीआईसीआईसीआई इंश्योरेंस जैसी प्रमुख बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं और क्लेमेंट अधिवक्ताओं के साथ मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में अधिक से अधिक राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लंबित प्रकरणों को समझौते के माध्यम से हल करने के लिए चर्चा की गई। साथ ही लोक अदालत में बड़ी संख्या में प्रकरणों के निपटारे की आशा व्यक्त की गई। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित शर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन ने आमजन से अपील की है कि वे आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएँ और न्यायालय में अपने लंबित प्रकरणों को आपसी समझौते से शीघ्र और सरलता से निराकृत कराएँ।

### धरा गया सटोरिया

**कटनी।** कुठला पुलिस ने सट्टा पर्ची काट रहे एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार बिलहरी के मोती मंदिर के पास प्रशांत चौरसिया 33 साल निवासी बिलहरी को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने उसके पास से दो नग सट्टा पट्टी नगदी 340 रुपए जब्त किया गया है।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, पति पर हत्या का आरोप

रीवा

गुढ़ कस्बे के वार्ड क्रमांक 15 में नवविवाहिता का शव उसके ही कमरे में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मृतका की पहचान नेहा पटेल पत्नी—रंजीत पटेल, निवासी बुढ़वा वार्ड-15 के रूप में की है। मामला संदिग्ध मौत का है, जिसमें मायके पक्ष ने पति पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, नेहा की शादी 5 मई 2025 को हिंदू रीति-रिवाज के साथ बुढ़वा निवासी रंजीत पटेल से हुई थी। परिवारजन का आरोप है कि विवाह के बाद से ही नेहा को दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। विवाद बढ़ने पर कुछ दिन पहले मायके वाले उसे अपने साथ ले गए थे। बाद में रंजीत अपनी ससुराल पंखुड़ी पहुंचा और नेहा को फिर से अपने घर लेकर आ गया। परिजनों के मुताबिक, 28 तारीख की रात दंपती के बीच एक बार फिर दहेज को लेकर विवाद हुआ था। अगली सुबह नेहा अपने कमरे में मृत पाई गई। मायके पक्ष का आरोप है कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई है। मृतका के भाई शेर बहादुर पटेल ने बताया कि 29 तारीख की सुबह उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया, जिसमें लिखा था नेहा को मैंने मार दिया है, आकर उसका शव ले जाओ।मैसेज मिलते ही परिजन तत्काल गुढ़ पहुंचे, जहां कमरे में नेहा का शव पड़ा मिला। इसके बाद उन्होंने पति रंजीत पर हत्या का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। वही पुलिस के अनुसार, मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है और परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है प्रथम दृष्टि मामला दर्जकर आरोपीओ की तलाश शुरू कर दी है।

# 13 घंटे देरी से पहुंची मुम्बई-रीवा ट्रेन, यात्रियों की हुई फजीहत, रीवा बांद्रा ट्रेन भी चार घंटे देरी का हुई शिकार

रीवा




महाराष्ट्र रुट पर चलने वाली ट्रेनों की लेटलतीफी दूर नहीं हो रही है। अपवाद स्वरूप पुणे ट्रेन को छोड़ दें तो अधिकांश रोजाना घंटों देरी से पहुंच रही है, जिससे भीषण ठंड में यात्रियों को बड़ा संकट झेलना पड़ रहा है। गुरुवार दोपहर 3:55 बजे रीवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के लिए रवाना हुई ट्रेन शुक्रवार को अपने निर्धारित समय 12:20 बजे के बजाय शाम 7:29 बजे मुंबई पहुंची। वहां से यह ट्रेन रात 8:47 बजे रीवा के लिए लौटी, लेकिन लगभग 13 घंटे की देरी से चलने के कारण शनिवार रात करीब 11 बजे रीवा पहुंची। देर रात ठंड में यात्रियों को अपने-अपने घर पहुंचने में काफी परेशानियां उठानी पड़ी। इसी तरह रीवा-बांद्रा रुट की ट्रेन संख्या 09030 ने भी यात्रियों को खूब रुलाया। शुक्रवार सुबह 11 बजे रीवा से रवाना हुई यह ट्रेन शनिवार दोपहर 12:40 बजे बोरीवली पहुंचनी थी, लेकिन यह लगभग 6 घंटे देर से शाम 6:17 बजे बोरीवली स्टेशन पहुंची। बताया गया कि कटनी के बाद ट्रेन लगभग एक घंटे लेट हो गई थी और उसके बाद हर स्टेशन पर समय और बिगड़ता चला गया।

# खाद्य विभाग की टीम ने मारा छापा, बाजार में नकली पनीर, ढाई किंवटल जब्त वैवाहिक कार्यक्रमों में खपाया जा रहा था एनालॉग पनीर

रीवा

**वैवाहिक सीजन के चलते लजीज व्यंजन के तौर पर पनीर परोसने का चलन बढ़ा है। इसे देखते हुए मिलावटखोरों ने पनीर में भी धांधलेबाजी शुरू कर दी और बाजार में एनालॉग पनीर बाजार में उतार दिया है, जिसमें दूध का कोई काम नहीं होता। सस्ते पनीर की मांग होने पर एनालॉग पनीर दूसरे प्रदेशों से रीवा में लाया जा रहा है।**



खाद्य विभाग की छापामार कार्रवाई में इसका खुलासा हुआ। कलेक्टर के निर्देश पर विभाग ने फूलमती माता मंदिर के पास स्नेह ट्रेडर्स में शनिवार को छापा मारा। टीम को प्रतिष्ठान के अंदर कोल्ड स्टोरेज बना हुआ मिला, जिसे खोलने पर प्लास्टिक की बोरियों के अंदर थर्मोकोल की बने बॉक्स में 50-50 किलो पनीर रखा हुआ था। टीम को मौके पर करीब ढाई क्विंटल पनीर मिला। प्राथमिक जांच में एनालॉग पनीर की पुष्टि हुई। संचालक प्रमोद प्रधान द्वारा होलसेल में यह घटिया सामग्री कैटर्स को सप्लाई की जा रही थी। जिसका उपयोग शादियों में होता। बताते हैं कि इस बारे में कलेक्टर को गोपनीय शिकायत मिली थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने खाद्य विभाग को जांच के निर्देश दिए, जिसके चलते यह गंभीर मामला उजागर हुआ। टीम द्वारा पूछे जाने पर प्रमोद प्रधान ने बताया कि उसके द्वारा यह पनीर इलाहाबाद स्थित फैक्ट्री से मंगाया जा रहा है। संचालक प्रमोद कुमार प्रधान द्वारा एनालॉग पनीर को दूध पनीर के रूप में विक्रय किया जा रहा था। अतः मौके पर समस्त एनालॉग पनीर को जब लिया गया है। साथ ही, नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा गया है।दूध से कोई लेना-देना नहीं होता एनालॉग पनीर काजांच टीम में शामिल खाद सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे ने बताया कि एनालॉग पनीर सामान्य मिल्क पनीर की तरह दिखाई देता है परंतु इसका निर्माण स्टार्च फ्लेवर, स्टेबिलाइजर, पाम आयल एवं दूध पाउडर को मिलाकर किया जाता है। दूध से इसका कोई लेना-देना नहीं होता। एनालॉग पनीर की पहचान बहुत ही आसान नहीं है। यदि टिंचर आयोडिन इसमें डाला जाता है तो एनालॉग पनीर का रंग काला हो जाता है। इसकी दूसरी पहचान यह भी है कि असली पनीर दबाने पर बिखर जाता है जबकि एनालॉग पनीर रबर की तरह लगीज होने के कारण जल्दी नहीं बिखरता है। एनालॉग पनीर को ड्राय रखा जाता है। उन्होंने कहा कि लोग शादी कार्यक्रम में जाए तो सावधानी बरतें।

# 12-14 दिसंबर तक होगा भव्य रेवा फिल्म फेस्टो 2025, सोनू सूद सहित बॉलीवुड व अंतरराष्ट्रीय सितारों का जमावड़ा द ग्रेट शोमैन राजकपूर एंड द गोल्डन एज ऑफ इंडियन सिनेमा थीम पर तीन दिवसीय आयोजन

**रीवा।** विंध्य की सांस्कृतिक धरती इस दिसंबर एक बार फिर जगमगाने जा रही है। 12 से 14 दिसंबर तक रेवा फिल्म फेस्टो 2025 रेवा से रूस तक का भव्य आयोजन कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में होने जा रहा है। रविवार को मानस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम से जुड़ी विस्तृत जानकारी डेज़ सोसायटी के प्रतिनिधियों राहुल शर्मा, विजय विश्वकर्मा, तेज प्रताप सिंह, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, अमित पटेल, अविराज, साकेत श्रीवास्तव, उदित गर्ग एवं राजराखन पटेल ने साझा की।वक्ताओं ने बताया कि फिल्म फेस्टो का सबसे बड़ा आकर्षण बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद होंगे, जो पहली बार रीवा आ रहे हैं। कोरोना काल में रीवा आने का जो वादा उन्होंने किया था, उसे पूरा करने वे इस आयोजन में शामिल होंगे। तीन दिवसीय उत्सव में फिल्म स्क्रीनिंग, फिल्म मेकिंग वर्कशॉप, डांस म्यूजिक शो और ग्लैमर नाइट का शानदार आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देश-विदेश के दिग्गज फिल्मकार और कलाकार शामिल होंगे, जिनमें इंटरनेशनल अभिनेत्री इलिना मिस इंडिया पूजा चोपड़ा, मिसेज इंडिया स्नेहल आचार्य, फेमिना मिस इंडिया मान्या सिंह,अभिनेता अर्जुन द्विवेदी,अभिनेत्री विंध्या तिवारी,गायक अविनाश सिंह,मिमिक्री आर्टिस्ट पारुल भटनागर,कोरियोग्राफर सार्थक चौधरी,मेकअप आर्टिस्ट अविनाश पाटिल हास्य कलाकार रोहित प्यारेसहित कई नामचीन हस्तियां और रीवा से रूस तक के कलाकार मंच साझा करेंगे।भारत-रूस एम्बेसी की संयुक्त पहल का हिस्साद ग्रेट शोमैन राजकपूर एंड द गोल्डन एज ऑफ इंडियन सिनेमा थीम पर आधारित यह कार्यक्रम भारत और रूस की एम्बेसी द्वारा आयोजित पांच देशों की श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। राजकपूर की 101वीं जयंती को समर्पित यह फेस्टो सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सिनेमा के स्वर्णिम दौर की यादों को पुनर्जीवित करेगा।राजकपूर एंड द गोल्डन एज पर विशेष प्रदर्शनीकार्यक्रम के दौरान विंध्य से जुड़ी यादों पर आधारित राजकपूर एंड द गोल्डन एज विषयक विशेष फिल्म प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। साथ ही रीवा से रूस तक संस्कृति और सिनेमा के रिश्तों पर पैनल डिस्कशन भी होगा। युवा प्रतिभाओं को मंच देने के लिए यंग क्रिएटर्स कॉर्नर और रेवा फिल्म अवॉर्ड्स 2025 भी फेस्टो का प्रमुख आकर्षण होंगे।रीवा और सिनेमा का ऐतिहासिक रिश्तापत्रकार वार्ता में बताया गया कि रीवा का नाम भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम दौर से गहराई से जुड़ा है। 14 दिसंबर 2015 को रणधीर कपूर ने कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम का भूमिपूजन किया था और 2 जून 2018 को लोकार्पण हुआ था। तब भी अनेक फिल्मी हस्तियां रीवा पहुंची थीं। अब एक बार फिर यह ऑडिटोरियम फिल्मी सितारों की मौजूदगी से रोशन होने जा रहा है।

# खैरा विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर हुआ संपन्न




**मऊगंज।** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा कनकेसरा में सिविल अस्पताल मऊगंज के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमेजिला क्षय अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा के निर्देशानुसार एवं बीएमओ डॉ प्रद्युमन शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जिसमे 78 छात्र छात्राओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण हुआ इस स्वाथ्य शिविर में डॉ आशीष पटेल, डॉ हरीश सोनी,द्वारा सभी छात्र-छात्राओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया स्वास्थ्य शिविर में सीबीसी, एल एफ एफ टी, केएफटी, लिपिट प्रोफाइल, एच वी ए 1 , ए सी , 56 मरीजो का बी पी तथा 42 मरीजों का शुगर जांच की गई तथा चर्म रोग 02 लोगों को चिन्हित किया गया और 02 क्लाइंट एस टी आई की शिकायत बताई गई सभी की टीवी स्क्रीनिंग की गई साथ ही सभी एसएसके मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा द्वारा सभी छात्र /छात्राओं को एचआईवी/ एड्स, यौन गुप्त रोग बताते हुए फैलने के कारणों के बारे में बताया गया और बचाव के बारे में भी बताया गया, टीबी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया आज ज्यादातर 15 से 49 वर्ग की युवा वर्ग इस बीमारी की जानकारी न होने के अभाव में ग्रसित हो रहे हैं इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे युवाओं को जागरुक कर जांच कराने के लिए प्रेरित करना है स्वास्थ्य शिविर में डॉ बीएमओ प्रद्युम्न शुक्ला, डॉ हरीश सोनी, डॉ आशीष पटेल, सेक्टर सुपरवाइजर रामनिवास तिवारी, सेक्टर सुपरवाइजर संतोष चतुर्वेदी, एमपी डब्ल्यू संतोष द्विवेदी,एसएस के मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा, सीएचओ स्नेहा विश्वकर्मा, एल टी सुखेंद्र साहू,एल टी उदय प्रकाश पटेल , रनर बाय विपिन साकेत, रनर बाय मोतीलाल साकेत, आशा श्यामकली पटेल सभी छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

### गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन पहुंचा 96.55 प्रतिशत

**रीवा ।** रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। गहन पुनरीक्षण का कार्य लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। जिले में 30 नवम्बर को शाम 4 बजे तक 1342650 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1390667 है। सेमरिया विधानसभा में सौ प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कर लिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के मतदान केन्द्रों में बीएलओ तथा उनके सहायक पूरे उत्साह के साथ गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन कर रहे हैं। अब तक जिले में कुल 96.55 प्रतिशत डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 97.01 प्रतिशत, सेमरिया में 100 प्रतिशत, त्योंथर में 96.35 प्रतिशत, मनगवां में 95.17 प्रतिशत, रीवा में 91.85 प्रतिशत तथा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में 98.91 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। अब तक विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 217992, सेमरिया में 228658, त्योंथर में 212733, मनगवां में 240009, रीवा में 208491 तथा विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 234767 गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं।

# नईगढ़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र शिविर का हुआआयोजन



**मऊगंज।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दिशा-निर्देश, जिला सीएमएचओ रीवा के मार्गदर्शन तथा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. आर.के. पाठक के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में रविवार, 30 नवंबर को विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे कुल 327 मरीजों की आंखों की विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान 36 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिन्हें प्राथमिकता से आगामी उपचार के लिए चयनित किया गया।चयनित सभी मरीज लेंस प्रत्यारोपण (कैटरेक्ट ऑपरेशन) के लिए पूरी तरह फिट पाए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध विशेष वाहन से मरीजों को जिला चिकित्सालय रीवा भेजा गया, जहां उनकी आगे की शल्य प्रक्रिया संपन्न होगी।शिविर को सफल बनाने में बीएमओ डॉ. आर.के. पाठक के मार्गदर्शन में नेत्र सहायक बी.एल. तिवारी, रमेश पटेल, रवि वर्मा, आशीष खरे, रामबिहारी मौर्य, अंबर वर्मा, इंद्रपाल सेन, विजय पांडेय, अंकितेश शुक्ला ,बृजलाल कोल ,उदय प्रकाश साकेत,जानकी कुशवाहा का सराहनीय योगदान रहा।स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि ग्रामीण अंचल में निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण नेत्र सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। इस उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे शिविर निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में गणना फार्म अब 11 दिसम्बर तक जमा होंगे

**रीवा ।** निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया एसआईआर में फार्म जमा करने की समय सीमा को आगे बढ़ा दिया है। अब मतदाता गणना फार्म 11 दिसम्बर तक जमा किए जा सकेंगे। इससे पूर्व यह तारीख 4 दिसम्बर तय थी। आयोग के नए कार्यक्रम के अनुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 नवम्बर को जारी की जाएगी। ड्राफ्ट जारी होने के बाद 15 जनवरी तक दावे और आपत्तियाँ दर्ज कराई जा सकेंगी। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी 16 दिसम्बर से 7 फरवरी तक आपत्तियों पर फैसला लेंगे। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा।

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**रीवा।** पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अंतर्गत संचालित पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज, करहिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई महिला एवं पुरुष द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन शनिवार को निकली गई। रैली की शुरुआत महाविद्यालय परिसर से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली करहिया गांव की गलियों से गुजरते हुए ग्रामीणों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने तथा चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करती हुई वापस कॉलेज परिसर में समापन पर पहुँची। रैली के दौरान पात्र कोई छूटे ना अपात्र कोई जुड़े ना मुख्य नारा रहा। पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के मुख्य संचालक बी.एन. त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों के साथ-साथ कॉलेज के वरिष्ठ अधिकारी और प्राध्यापक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शैक्षणिक संचालक वाई.के. त्रिपाठी, प्राचार्या डॉ. सीमा शुक्ला, डॉ. मोना तिवारी (प्राचार्या, प्रबंधन विभाग), महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सपना त्रिवेदी, पुरुष इकाई प्रमुख डॉ. राकेश तिवारी सहित सभी प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक शामिल रहे।

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )**
**( अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )**
**अपील क्रमांक-MA/968/2007**
**Process Id: 238960/2025**
**BRANCH MANAGER, NEW INDIA ASS. COMP. LTD.**
**अपीलार्थी**
**RAJESH KUMAR TIWARI, प्रत्यर्थी**

सन् 2006 के **MACC** क्रमांक-20 सन् 2006 में न्यायालय **Member, Addl. MACT, Shri J.S. Verma, Rewa (Madhya Pradesh)** की डिक्री/आदेश, दिनांक 24-11-2024 के विरूद्ध अपील।
प्रति,
**Smt. Kailashpati Tripathi Wd/o Late Shri Sheshmani Tripathi, R/o-Civil Lines, Rewa, District-Rewa, M.P.**
प्रत्यर्थी,
अपील की सुनवाई का दिनांक - कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री **Appellant** द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 15/12/2025 नियत की गई है। आपत्तियाँ, प्रति आपत्तियाँ, यदि कोई हो, इस सूचना ( नोटिस ) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 15/12/2025 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें । सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।
सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-
1 ) कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या ) ( 1 ), ( 2 ) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियां आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें ) ( 2 ), ( 3 ) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय ) ( 3 )। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 15/12/2025 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं । आज दिनांक ........ को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।
**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )**
**( अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )**
**अपील क्रमांक-MA/946/2007**
**Process Id: 238985/2025**
**BRANCH MANAGER**
**अपीलार्थी**
**PAPOO @ CHHOTE LAL PHELWAN, प्रत्यर्थी**

सन् 2006 के **MACC** क्रमांक-18 सन् 2006 में न्यायालय **Member, Addl. MACT, Shri J.S. Verma, Rewa (Madhya Pradesh)** की डिक्री/आदेश, दिनांक 24-11-2024 के विरूद्ध अपील।
प्रति,
**Smt. Kailashpati Tripathi Wd/o Late Shri Sheshmani Tripathi, R/o-Civil Lines, Rewa, District-Rewa, M.P.**
प्रत्यर्थी,
अपील की सुनवाई का दिनांक - कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री **Appellant** द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 15/12/2025 नियत की गई है। आपत्तियाँ, प्रति आपत्तियाँ, यदि कोई हो, इस सूचना ( नोटिस ) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 15/12/2025 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें । सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।
सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :-
1 ) कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या ) ( 1 ), ( 2 ) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियां आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें ) ( 2 ), ( 3 ) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय ) ( 3 )। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 15/12/2025 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं । आज दिनांक ........ को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।
**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**